नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



2 तुर्की से सलीम डोला की वापसी बड़ी उपलब्धि


4 जनजातीय कला, हस्तशिल्प और आजीविका


9 लीबिया में मिला गैस और तेल का भंडार


11 ज़्वेरेव, सबालेंका की मैड्रिड में लगातार जीत जारी


# महिला आरक्षण बड़ा लक्ष्य

## 6,332 करोड़ की सौगात के साथ काशी में मोदी का रोड शो

- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-नारी शक्ति विकसित भारत स्तंभ
- रेलवे ओवरब्रिज, फ्लाईओवर, अस्पतालों का निर्माण

**वाराणसी, 28 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय काशी दौरे पर मंगलवार को वाराणसी पहुंचे, आनंदीबेन पटेल, योगी आदित्यनाथ और भाजपा नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया. इसके बाद वे सीधे बरेका इंटर कॉलेज मैदान पहुंचे, जहां आयोजित जनआक्रोश महिला सम्मेलन में उन्होंने हिस्सा लिया. मंच पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं.**

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत हर-हर महादेव के उद्घोष से की और भोजपुरी में महिलाओं को नमन करते हुए अपनी बात रखी.सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने 6,332 करोड़ रुपये की 163 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया. इसके साथ ही उन्होंने बनारस-पुणे और अयोध्या-मुंबई के बीच चलने वाली दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई. उन्होंने कहा कि इन ट्रेनों से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी और लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी.महिला सशक्तिकरण पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को प्राथमिकता दी है.

उन्होंने बताया कि महिला आरक्षण विधेयक से महिलाएं मजबूत होगीं तो देश भी मजबूत होगा. पीएम ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि उनके कारण संसद में यह प्रयास सफल नहीं हो पाया. उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि भविष्य में इसे जरूर लागू किया जाएगा.

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए अब तक 12 करोड़ का शौचालय का निर्माण हुआ है. वहीं महिलाओं के खाते में 30 हजार करोड़ रुपए अब तक भेजें जा चुके हैं. पीएम ने कहा कि अब तक 3 करोड़ लखपति दिदियां बनी हैं. अब हमारे देश में बहन बेटियां घर की मालकिन बन गई हैं. उन्होंने कहा कि 6332.08 करोड़ रुपए की 163 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किये. इसमें 1054.69 करोड़ की 50 परियोजनाओं का लोकार्पण और 5277.39 करोड़ की 113 परियोजनाओं का शिलान्यास होगा.




### मोदी बोले- नॉर्थ ईस्ट भारत की समृद्धि का आधार

**गंगटोक.** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सिक्किम के राज्यत्व के 50वें वर्ष के समापन समारोह में शिरकत करते हुए राज्य और पूरे पूर्वोत्तर भारत की खुलकर प्रशंसा की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सिक्किम के 50वें राज्य स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया और करीब 4,000 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत देश की अष्टलक्ष्मी है और सिक्किम उसका महत्वपूर्ण हिस्सा है.

### बंगाल में आज आखिरी चरण का मतदान

**कोलकाता.** बंगाल में आज आखिरी चरण का मतदान होने वाला है. को आठ जिलों के 142 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा. चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आखिरी चरण में एक करोड़, 64 लाख ,35 हजार, 627 पुरुष, एक करोड़, 57 लाख, 37 हजार, 418 महिलाएं और 792 तीसरे लिंग के मतदाताओं सहित कुल तीन करोड़, 21 लाख, 73 हजार, 837 मतदाता 41,001 मतदान केंद्रों पर अपने मतदान करेंगे.इन सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग निगरानी की व्यवस्था होगी.



प्रधानमंत्री मोदी ने बच्चों के साथ फुटबॉल खेला!

# 15 नगर निगमों में बीजेपी की जीत

## गुजरात में कमल खिला, मोदी बोले- जनादेश विकास का

- **6000 से अधिक सीटें जीतकर भाजपा ने बनाई बढ़त**
- **1300 से अधिक सीटों पर सिमट गई कांग्रेस**

**अहमदाबाद, 28 अप्रैल. गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों ने एक बार फिर राज्य की राजनीति की तस्वीर साफ कर दी है, जहां भारतीय जनता पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी 15 नगर निगमों में क्लीन स्वीप कर लिया. इस ऐतिहासिक जीत ने न सिर्फ भाजपा के संगठनात्मक दमखम को दिखाया, बल्कि विपक्ष के कमजोर पड़ते आधार को भी उजागर कर दिया।**

चुनाव परिणामों में भाजपा ने हजारों सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट कर दिया कि राज्य में उसकी पकड़ अभी भी बेहद उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, हजारों सीटों पर हुए चुनाव में भाजपा ने 6,000 से अधिक सीटें जीतकर निर्णायक बढ़त बनाई है, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस करीब 1,300 से अधिक सीटों पर सिमट गई.



आम आदमी पार्टी और अन्य दलों को सीमित सफलता मिली, जिससे मुकाबला मुख्य रूप से भाजपा और कांग्रेस के बीच ही नजर आया. अहमदाबाद नगर निगम में भाजपा ने 160 वार्ड जीतकर अपना दबदबा कायम रखा, हालांकि खाडिया वार्ड में कांग्रेस ने सभी सीटें जीतकर चौंकाया.

राजकोट और सूरत जैसे प्रमुख शहरों में भी भाजपा ने बढ़त बनाए रखी, जबकि कुछ जगहों पर कांग्रेस ने अपनी स्थिति में सुधार किया।

> इस बड़ी जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता का आभार जताते हुए कहा कि यह जनादेश सुशासन और विकास की नीतियों पर विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार आगे भी दोगुनी मेहनत के साथ राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी. राज्य में भाजपा मुख्यालय 'कमलम' में जश्न का माहौल देखने को मिला, जहां मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ जीत का उत्सव मनाया.

## एक नजर में



### एसएएफ सिपाही ने गोली मारकर आत्महत्या की

**ग्वालियर.** ग्वालियर की एसएएफ सेकेंड बटालियन में पदस्थ आरक्षक कुलदीप ने आज खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। कुलदीप ने किसी से फोन पर बात की और इसके बाद खुद की सर्विस राइफल से गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनते ही बटालियन में पदस्थ अन्य लोग कुलदीप के पास पहुंचे तो कुलदीप खून से सना पड़ा हुआ था। तुरंत कुलदीप को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टर ने कुलदीप की जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल कुलदीप ने किन कारणों से अपनी जान ली इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे उस हिसाब से कार्रवाई की जाएगी.

### वीडियो कॉल से 'डिजिटल अरेस्ट' गैंग बेनकाब

**नई दिल्ली.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़े एक मामले में एक कंपनी सहित पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है.सीबीआई के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सलीशकुमार सीएस, ब्लेसिन जैकब अब्राहम, मोहम्मद जुनैद हुसैन, मोहम्मद मुश्ताक और जेसीएसएस कैपिटल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया गया है. इनमें से तीन आरोपी वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं. केरल उच्च न्यायालय के निर्देशों पर सीबीआई ने 24 नवंबर, 2025 को यह मामला दर्ज किया था.

# पहलगाम जैसा हमला, धर्म पूछकर चाकू से वार

- कथित तौर पर कलमा पढ़ने का दबाव बनाया
- दो सुरक्षा गार्डों पर हुए हमले, एक गंभीर

**ठाणे 28 अप्रैल महाराष्ट्र के मीरा रोड इलाके में सोमवार तड़के हुई चाकूबाजी की घटना ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया है। दो सुरक्षा गार्डों पर हुए इस हमले ने अब एक गंभीर सामाजिक और सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा खड़ा कर दिया है। आरोप है कि हमलावर ने पहले दोनों गार्डों से उनका धर्म पूछा और कथित तौर पर कलमा पढ़ने का दबाव बनाया। इनकार करने पर उसने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे दोनों गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए।**



> घटना के बाद इलाके में डर और तनाव का माहौल बन गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जैब जुबैर अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, इस घटना को कई लोग एक सुनियोजित साजिश के तौर पर भी देख रहे हैं, जिससे मामला और अधिक संवेदनशील हो गया है।

घटना के बाद इलाके में डर और तनाव का माहौल बन गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जैब जुबैर अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, इस घटना को कई लोग एक सुनियोजित साजिश के तौर पर भी देख रहे हैं, जिससे मामला और अधिक संवेदनशील हो गया है।महाराष्ट्र के मीरा रोड इलाके में सोमवार तड़के हुई चाकूबाजी की घटना ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया है। दो सुरक्षा गार्डों पर हुए इस हमले ने अब एक गंभीर सामाजिक और सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा खड़ा कर दिया है। आरोप है कि हमलावर ने पहले दोनों गार्डों से उनका धर्म पूछा और कथित तौर पर कलमा पढ़ने का दबाव बनाया। इनकार करने पर उसने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे दोनों गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए।

# मिसाइल हमले में 7 की मौत

- कुनार पर हमला- 75 घायल, जंग जैसे हालात
- 6 सैनिकों की मौत के बाद पाकिस्तान का पलटवार

**काबुल/इस्लामाबाद, 28 अप्रैल. अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव ने एक बार फिर हिंसक रूप ले लिया है. अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में सोमवार को हुए मिसाइल और मोर्टार हमलों में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से ज्यादा लोग घायल हो गए. इस हमले में छात्र, बच्चे और आम नागरिक भी प्रभावित हुए हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है.**

स्थानीय प्रशासन के अनुसार, असदाबाद शहर में कई रिहायशी इलाकों को नुकसान पहुंचा है. इसके अलावा सैयद जमालुद्दीन अफगानी यूनिवर्सिटी भी हमलों की चपेट में आई है. तालिबान सरकार के उप-प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने आरोप लगाया कि यह हमला पाकिस्तान की ओर से किया गया है.

उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुए हमलों में रॉकेट और मोर्टार का इस्तेमाल किया गया।हालांकि पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उसने किसी भी रिहायशी इलाके या शैक्षणिक संस्थान को निशाना नहीं बनाया. पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय के अनुसार, सोशल मीडिया पर फैल रही खबरें भ्रामक हैं.

# ईरान : हम ढहने वाले नहीं, देश मजबूत है

- यूएन पर ईरान का हमला, अमेरिका पर गंभीर आरोप

**तेहरान/वॉशिंगटन/नई दिल्ली, 28 अप्रैल. ईरान ने एक बार फिर अमेरिका और पश्चिमी देशों पर तीखा हमला बोला है। ईरान के सर्वोच्च नेता के कार्यालय के उप प्रतिनिधि डॉ. मोहम्मद होसैन जियाईनिया ने कहा कि ईरान ढहने वाला देश नहीं है, बल्कि एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र है जो अपनी संप्रभुता की रक्षा करना जानता है.**

यह प्रतिक्रिया उस बयान के बाद आई है जिसमें डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान गंभीर संकट यानी की स्थिति में है और वह अमेरिका से बातचीत की कोशिश कर रहा है।जियाईनिया ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि ईरान पर लगाए जा रहे आरोप और दबाव अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन हैं. उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि वैश्विक संस्थाएं इस पूरे मामले में मूकदर्शक बनी हुई हैं. उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाते हुए कहा कि ईरान के चारों ओर अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं और इन्हीं ठिकानों से क्षेत्र में तनाव बढ़ाया जा रहा है.

### ईरान इस समय गंभीर संकट की स्थिति में है : ट्रंप

**वॉशिंगटन.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को सोशल मीडिया ट्रूथ पर एक पोस्ट साझा करके लिखा -कि ईरान इस समय गंभीर संकट की स्थिति में है. ट्रंप ने पोस्ट में कहा कि ईरान अपनी लीडरशिप स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहा है और जल्द समाधान चाहता है. उनके अनुसार, ईरान मौजूदा हालात से निकलने के लिए बातचीत का रास्ता अपनाने के संकेत दे रहा है .फिलहाल दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और कूटनीतिक स्तर पर किसी ठोस समझौते की दिशा में स्पष्ट प्रगति नहीं दिख रही है.



# ईडी ने आरकॉम की 3 हजार करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली, 28 अप्रैल. प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड ( आरकॉम ) बैंक धोखाधड़ी मामले में 3,034.90 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है. इसके साथ ही रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप ( आरएएजी ) से जुड़े मामलों में कुल कुर्की 19,344 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है.**

ईडी ने मंगलवार को बताया कि संपत्तियों को क्षय से बचाने और बैंकों तथा जनता के हितों की रक्षा के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 5 के तहत यह अंतरिम कुर्की की है. उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) बैंक और सार्वजनिक धन की कथित हेराफेरी और धन शोधन के आरोपों से जुड़े मामलों की जांच कर रहा है.

> यह जांच भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा आरकॉम, अनिल डी. अंबानी और अन्य के खिलाफ दर्ज कराई गई सीबीआई की कई प्राथमिकियों के आधार पर शुरू की गई थी. ईडी के अनुसार, आरकॉम और उसकी समूह कंपनियों ने घरेलू और विदेशी ऋणदाताओं से ऋण लिया था.

कैबिनेट ने लिया निर्णय | 80 करोड़ 41 लाख रुपए होंगे खर्च

# बिजली से रोशन होंगे 38901 आंगनवाड़ी भवन

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 28 अप्रैल. प्रदेश के 38901 आंगनवाड़ी भवन बिजली से रोशन होंगे. बिजली की पहुंच होने से आंगनवाड़ी बेहतर तरीके से संचालित हो सकेंगे, विभाग की योजनाओं को बेहतर तरीके से संचालित करने में मदद मिलेगी. यहां अब यहां ट्यूबलाईट, बल्ब, पंखा, कूलर, स्मार्ट टी.वी.,वॉटर प्यूरीफायर का समुचित उपयोग होगा.**

कैबिनेट ने मंगलवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. निर्णय के तहत 16वें वित्त आयोग की अवधि वर्ष 2030-31 तक बिजली की पहुंचविहीन आंगनवाड़ी में बिजली पहुंचाने की योजना जारी रहेगी. इस अवधि में योजना के तहत कुल 80 करोड़ 41 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे. यहां बता दें कि प्रदेश में कुल 97882 आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं.



कैबिनेट ने लोक निर्माण विभाग के तहत सड़कों के नवीनीकरण, कार्यालयों की स्थापना और मरम्मत, आवासों के अनुरक्षण सहित भू-अर्जन के लिए मुआवजा संबंधी विभिन्न योजनाओं की सोलहवें वित्त आयोग की अवधि 1 अप्रैल 2026...

शेष पेज 12 पर

### ओबीसी के विद्यार्थियों को भी प्रतिमाह मिलेंगे 10 हजार

अब दिल्ली में पढ़ने वाले ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को भी राज्य सरकार प्रतिमाह 10 हजार रुपए देगी. अब तक उन्हें प्रतिमाह महज 1550 रुपए दिए जा रहे हैं. इसके लिए कैबिनेट ने छात्रगृह योजना-2005 में संशोधन की स्वीकृति दी है. स्वीकृति अनुसार अब हर साल कुल 100 नए विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिलेगा, जिसमें 50 सीटें स्नातक और 50 सीटें स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए तय की गई हैं. इसके साथ ही, जो विद्यार्थी पहले से इस योजना का लाभ ले रहे हैं, उन्हें उनके कोर्स की अवधि पूरी होने तक सहायता मिलती रहेगी.

# हिरणों के ट्रांसफर को सुप्रीम कोर्ट मंजूरी

**नई दिल्ली, 28 अप्रैल. उच्चतम न्यायालय ने हौज खास स्थित दिल्ली के ए. एन. झा डियर पार्क से हिरणों को राजस्थान के टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित करने की अनुमति दे दी है और इसके साथ ही अदालत ने देश भर में वन्यजीवों के स्थानांतरण के लिए व्यापक दिशा-निर्देश भी निर्धारित किए हैं.**

केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के निष्कर्षों को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने कार्यवाही को बंद कर दिया और अधिकारियों को वैज्ञानिक तथा समयबद्ध स्थानांतरण योजना लागू करने का निर्देश दिया. न्यायालय ने सोमवार को कहा कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे ए. एन. झा डियर पार्क से हिरणों के स्थानांतरण के लिए केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति की देखरेख में और समिति द्वारा तैयार किए गए पशु स्थानांतरण के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए समयबद्ध तरीके से आवश्यक कदम उठाएं।यह मामला नई दिल्ली के ए. एन. झा डियर पार्क से सैकड़ों हिरणों को राजस्थान के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को चुनौती देने वाली याचिका से शुरू हुआ था. याचिकाकर्ता (एक पर्यावरण संगठन) ने इस कदम का विरोध किया था और इसके बजाय पार्क के भीतर ही जानवरों के आवास का विस्तार करने की वकालत की थी.



**राजस्थान के टाइगर रिजर्व में होगा स्थानांतरण**

**हौज खास डियर पार्क से हटेंगे हिरण**

## गुस्ताखी माफ

